करौली शहर में धड़ल्ले से हो रही है शराब की कालाबाज़ारी

करौली (निंसं.) । ज़िला मुख्यालय करौली में नशा और नशे से जुड़ा व्यापार खूब पनप रहा है हाल ही में देखने में आया है की करौली में बढ़ते हुए स्मैक जैसे नशे पर जहाँ पुलिस प्रशासन लगाम लगाने की कोशिश कर रहा है वही दूसरी ओर शराब व्यापारी समय सीमा का उल्लंघन करते हुए चौबीस घंटे शराब बेच रहे हैं। दुकानो से व शराब नियत से अधिक मूल्य में दिन दहाडे बेची जा रही। जिनमे पुलिस , आबकारी विभाग,सरकार या समय की पाबंदी का कोई भय नही नज़र आता जो की पूर्ण रूप ज़िला पुलिस प्रशासन एवं ज़िला पुलिस कप्तान की कार्यशैली पर सवाल खडा करता है।

जिला मुख्यालय पर रात्रि के समय सरकार द्वारा प्रदत्त समय के बाद शराब बिकने से सड़कों पर भारी संख्या मे शराबियों व नशेवाजों का आना जाना लगा रहता है जिससे आम आदमी का शहर में आठ बजे के बाद निकलना दुर्लभ हो जाता है। लूट,मारपीट एवं चोरी जैसी घटनायें लगातार बढ़ रही हैं इतना सब कुछ होते देख पुलिस मूकबधिर होकर बैठी है जिससे लगातार अपराध व अपराधियों में बढ़ोतरी हो रही है ।

कवि सम्मेलन में ''सोचता हूॅ इस जहां का एकसा ईमान हो''... के स्वर गूंजे

भरतपुर में डॉ. लोकेश शर्मा जी के 61 वें जन्म दिवस पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया।

भरतपुर (निसं) । अखिल भारतीय साहित्य मंच द्वारा श्री ब्राह्मण धर्मशाला भरतपुर पर अनिल कुमार शर्मा की अध्यक्षता में डॉ. लोकेश शर्मा जी के 61 वें जन्म दिवस पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महावीर सरपंच खौंखर, योगेश लाला थे एवं विशिष्ट अतिथि इंजी.जीवन लाल शर्मा, मुकट तिवारी शर्मा, देवव्रत टिन्ना थे।

कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों द्वारा माॅ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम के जिला संयोजक जसवंत दारापुरिया थे, जिन्होने सभी अतिथियों का स्वागत फूलों का हार पहनाकर किया।

माॅ सरस्वती वंदना बहिन सुशील शर्मा ने की। कवि डॉ. लोकेश शर्मा ने ''सोचता हूॅ इस जहॉ का एकसा ईमान हो, प्यार ही मजहब हो सभी का प्यार पहचान हो'', श्याम सिंह जघीना ''तेरे मुंह पे करेंगे बात मीठी-मीठी सी, ऐसे हर शख्स से रहना बड़े होशियार यहॉ'', डॉ. कृष्ण कन्हैया शर्मा राम से बड़ा कोई संकल्प नहीं धाम में, रामजी छुपे हैं खुद रामजी के नाम में , चन्द्रभान फौजदार जीवन में हमारे भी एक पहेली बन गई है , नेकराम नेक हिन्दू को राम जरूरी मुस्लिम को रहमान जरूरी ह , सुशील शर्मा जन्मदिन पर आपके सब खूब उपहार दें, आशीश दुआऐं शुभकामनाऐं व प्यार दे , लोकेन्द्र सुमन राष्ट्रीय हित से बढ़कर न कोई दूजा हित स्वीकार करो'', कवि जयपाल आदि कवियों ने अपनी-अपनी कविता पढ़ी एवं दर्शकों ने वाह-वाह कर खूब तालियॉ बटोरीं।

इस कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। डॉ. कुसुम शर्मा, डॉ. ईशा शर्मा, डॉ. हर्षवर्धन दुबे, डॉ. शेखर षर्मा, डॉ. रेनू शर्मा, मनिका शर्मा, मंथिका शर्मा, संजय शर्मा, विनोद टुनटुन, हरिओम शर्मा, चेतन शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, सुरेश, मुकेश शर्मा, लोकेन्द्र सैन, सुरेष छावड़ी, भगवान सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

पैर पिसलने से किशोर कुएं में गिरा, मौत

गंगापुर सिटी । सदर थाना क्षेत्र में कुएं में गिरने से एक 15 साल के नाबालिग की मौत हो गई। नाबालिग अपनी रिश्तेदारी में बिदिरख्या गांव आया हुआ था। शुक्रवार देर शाम को वह खेतों की तरफ घूमने गया था, जहां कुएं में गिर गया। काफी देर तक वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन अंधेरे में उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद सुबह परिजनों ने आसपास के खेतों में भी तलाश किया तो एक कुएं में उसका शव तैरता मिला। हेड कॉन्स्टेबल जबर सिंह ने बताया कि सचिन (15) पुत्र रामप्रसाद मोंगिया निवासी कुआं गांव बिचपुरी अपनी रिश्तेदारी में बिदिरख्या गांव आया हुआ था। शुक्रवार शाम सचिन पास के खेत में गया था, जहां कुएं में गिरने से उसकी मौत हो गई। जब सचिन काफी देर तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने आसपास उसकी तलाश की, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। सुबह परिजनों ने आसपास के खेतों में युवक को ढूंढा। इस दौरान एक कुएं में उसका शव मिला। 15 साल के बच्चे का शव कुएं में मिलने पर मौके पर लोगों की भीड जमा हो गई।

सार-समाचार

'पौधे धरती का श्रंगार हैं'

वैर, । भाजपा ओबीसी मोर्चा एवं समृद्ध भारत अभियान के द्वारा शनिवार को मानसून की पहली बरसात की खुशी में औषधि एवं सजावटी पौधों का वितरण शुरू कर पौधा रोपण किया गया । कार्यक्रम के मुख्यातिथि भाजपा प्रदेश मंत्री महेंद्र जाटव रहे,जबकि अध्यक्षता भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष डा पवन धाकड ने की, प्रदेश मंत्री महेंद्र जाटव ने कहा कि पौधे धरती का श्रृंगार हैं, जहां हरियाली है, वहां खुशयाली है,तभी बरसात होगी और धरती के प्रत्येक मानव, जीव-जंतु,पेड़-पौधा आदि को जल मिलेगा,सभी एक-एक पौधा लगाने का संकल्प लेना चाहिये ।

दौड़ते हुए युवक की हादसे में मौत

भरतपुर, (निसं) । भरतपुर के पहाडी थाना इलाके में एक आर्मी भर्ती के लिए दौड़ लगा रहे युवक को पीछे से एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें युवक की मौके पर ही मौत हो गई हो गई। युवक की शादी को सिर्फ 38 दिन पहले ही हुई थी। मृतक अपने घर का सबसे छोटा बेटा था। जिसकी मौत के बाद घर में कोहराम मचा हुआ है। देवेंद्र के पिता रामहेती ने बताया की वह गोपालगढ़ कस्बे में रहते हैं और वाहनों में पंचर लगाने का काम करते हैं उनके तीन बेटे हैं जिसमें से दो बडे बेटे बेलदारी का काम करते हैं। देवेंद्र उम्र 22 साल घर का सबसे छोटा बेटा था जिसकी शादी 10 मई को हुई थी। घर में अभी खुशियों का ही माहौल था। देवेंद्र आर्मी की तैयारी कर रहा था। इसलिए देवेंद्र के पिता सुबह देवेंद्र को 4 बजे उठा देते थे जिसके बाद देवेंद्र दौड लगाने के लिए निकल जाता था। हर रोज की तरह आज भी दवेंद्र को उसके पिता ने सुबह 4 बजे उठाया। देवेंद्र अपने साथियों के साथ दौड लगाने के लिए निकल गया। लेकिन अचानक बरखेड़ा गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने देवेंद्र को पीछे से टक्कर मार दी, टक्कर मारने के बाद वाहन का ड्राइवर गाडी को लेकर भाग गया। देवेंद्र के साथियों ने घटना की सूचना तुरंत उसके परिजनों को दी, और उसे तुरंत पहाडी के अस्पताल लेकर पहुंचे दूसरी तरफ देवेंद्र के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए लेकिन डॉक्टर्स ने देवेंद्र को मृत घोषित कर दिया। देवेंद्र की मौत के घर में कोहराम मच गया। अभी देवेंद्र की पत्नी शिववती उम्र 22 साल के हाथों से मेहंदी भी नहीं उतरी थी। अभी शिववती की जीवन में खुशियां आईं ही थी लेकिन एक हादसे ने उसकी जिंदगी को बदल दिया। देवेंद्र के घर में सभी का रो-रो कर बुरा हाल है।

खिलाड़ी रवाना

भरतपुर (निसं) । राजस्थान महिला महिला फुटबॉल सिलेक्शन बोर्ड के चेयरमैन और भरतपुर के जिला अध्यक्ष अरविंद पाल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर फुटबॉल टूर्नामेंट 2022 गुवाहाटी आसाम में होने वाली फुटबॉल टूर्नामेंट 20 जून से 4 जुलाई तक में अंडर-17 वर्ग मै भरतपुर की 6 खिलाड़ियों का चयन हुआ जो दिव्यांशी सोगरवाल ,खुशी चंदेल, दीक्षा कुमारी, किट्टू चौधरी ,गार्गी सिंह चौधरी ,कामिनी का ग्रीन गार्डन मैरिज होम पर स्वागत कर कल रवाना किया।

कार्मिका का टोटा, पंचायत रहती हैं सूनी

वजीरपुर , (नि.सं.)। उपखंड क्षेत्र में ग्राम विकास अधिकारीयों का टोटा होने से एक अधिकारी के पास दो से तीन ग्राम पंचायत का भार होने से एक भी ग्राम पंचायत का कार्य सुचारू रूप से नहीं हो पाता है जिससे लोगों को आवश्यक कागजातों के लिए ग्राम पंचायत के चक्कर लगाने पड़ते हैं । ग्राम विकास अधिकारी नहीं मिलने से लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ता है ग्राम पंचायत का कार्य भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर होने पर भी वहां अन्य विभाग के कर्मचारी नजर नहीं आते हैं ।

रैपिड एक्शन फोर्स ने निकाला फ्लैग मार्च

मेहंदीपुर बालाजी (नि. सं.)। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निकाला मार्च व्यापारी ने कहा जल्दी हटाया जाएगा । अतिक्रमण मेहंदीपुर बालाजी -आस्था धाम मेहंदीपुर बालाजी कस्बे में शनिवार को रैपिड एक्शन फोर्स ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार को फ्लैग मार्च निकाला।

जिसे देख कस्बे में अतिक्रमणकारयो में खलबली मच गई। वहीं कस्बे के ठेला संचालक अपने ठेलो को लेकर मौके से भाग छूटे।

वही स्थानीय पुलिस के साथ भारी संख्या में फोर्स को हथियारों और सुरक्षा उपकरणों से लैस देख कस्बे के दुकानदारों ने स्वत ही अपने अतिक्रमण हटाने लगे। इस दौरान कस्बे वासियों को अग्नीपथ योजना को लेकर पूरे जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर निकाली जा रहे फ्लैग मार्च की जानकारी मिली तो उन्होंने राहत की सांस ली।

गौरतलब है कि पिछले 2 दिनों से कस्बे में अतिक्रमण हटाने की चर्चा जोरों से चल रही है। इससे कस्बे में निकाले गये फ्लैग मार्च से लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

एसपी की सफल रणनीति से धौलपुर में बेअसर रहा अग्नि पथ आंदोलन

धौलपुर। केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के तहत होने वाली भर्तियों का विरोध लगातार जारी है। इसी कडी में सोशल मीडिया पर कुछ युवकों द्वारा आज शनिवार को धौलपुर में रेल्वे स्टेशन पर भी विरोध प्रदर्शन करने का मैसेज डाला गया, जो कल शाम से ही वायरल हो रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए धौलपुर एसपी नारायण टोगस ने अल सुबह से ही स्टेशन और उसके आसपास के इलाकों में भारी पुलिस जाब्ता तैनात कर दिया। वही कई सीओ और थाना अधिकारियों को जगह-जगह तैनात कर उपद्रव की आशंका को खत्म करने के लिए निर्देश दे दिए। जिस पर पुलिस ने भी सुबह से ही स्टेशन और उसके आसपास के रेलवे फाटकों पर लगातार मुस्तैदी दिखाई, वही जिस तरह युवाओं द्वारा कॉलेज परिसर में एकजुट होकर विरोध का आ ान किया गया था उसे लेकर कॉलेज परिसर में भारी पुलिस जाब्ता तैनात कर दिया गया लेकिन वहां किसी भी बडे मूवमेंट को लेकर युवा एकत्रित नहीं हुए। लगातार पुलिस की मुस्तैदी के बाद जहां धौलपुर शहर में चिन्हित जगहो पर युवा नहीं पहुंचे। लेकिन युवा कुछ टुकडो में अलग-अलग जगह इकट्ठा होने शुरू हो गए। जैसे ही इसकी जानकारी पुलिस के अधिकारियों को लगी तो पुलिस ने अलग टीम बनाकर ऐसी जगहों पर टीम भेजी। पुलिस को देखकर युवा भागने लगे। जिनमें से कुछ युवाओं को पुलिस की टीम द्वारा हिरासत में ले लिया गया। वहीं इकट्ठे हो रहे युवाओं को पुलिस ने खदेड़ दिया। लगातार पुलिस की मुस्तैदी के चलते युवाओं का जो एकजुट होने का कार्यक्रम था वह सफल नहीं ही सका। वहीं चप्पे-चप्पे पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। हर आने जाने वाले युवाओं को विशेष कारणों से ही स्टेशन पर जाने दिया गया। वही संदिग्ध युवकों से पुलिस ने लगातार पूछताछ की। वही पूरे मामले को लेकर एसपी नारायण टोगस भी लगातार मॉनिटरिंग करते रहे ।

योग दिवस मनाने की तैयारी

सूरौठ (नि.सं.)। ग्राम विकास अधिकारी कप्तान सिंह चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को योग दिवस मनाने हेतु तहसील स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया ।

जिसमें मिटिंग की अध्यक्षता सूरौठ तहसीलदार गजानन्द मीणा के द्वारा की गई एवं 21 जून को योग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाने पर चर्चाएं हुई एवं तैयारियां हेतु कमेटी का गठन किया गया ग्राम पंचायत सरपंच पिंकेश शर्मा ने कहा कि आगामी 21 जून को योग दिवस मनाने के लिए टेंट ,लाइट, बिजली पीने का पानी सहित सभी व्यवस्थाएं ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी । मीटिंग में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ अभिराज मीणा, स्थानीय विद्यालय प्रधानाचार्य गोविंद सहाय शर्मा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रधानाचार्य धर्म सिंह मीणा, पटवारी हरमेंद्र जाटव, कृषि पर्यवेक्षक गुमान सिंह जाट स्थानीय विद्यालय योग शिक्षक एवं शारीरिक शिक्षक वीरेंद्र सिंह राजावत द्वारा समस्त कर्मचारियों आमजन को योग दिवस पर योग के गुर सिखाए ।

दिन भर छाई काली घटाए, शाम को बरसे बदरा

करौली जिला मुख्यालय पर शनिवार को दोपहर छाई काली घटाओं से रात्रि का सा नजारा देखने को मिला।

करौली (निंसं.)। करौली जिले में प्री मानसून के दस्तक देने से किसानों के चेहरे खिल उठे वही खरीफ की फसल बुवाई के लिए किसान जुट गये।

करौली जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र सपोटरा, मण्डरायल, करनपुर, हिण्डौन, टोडाभीम, नादौती में शनिवार को प्री मानसून की दस्तक आने से जगह-जगह कहीं तेज तो कहीं हल्की बरसात का दिन भर सिलसिला जारी रहा। जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे वही आमजन को गर्मी से राहत मिली। क्षेत्र में बरसात होने से किसान खरीफ की फसल बुवाई के लिए खाद बीज खरीदने के लिए बाजारों में दौड पडे शनिवार को बाजारों में खाद की दुकानों पर किसानों की भीड लगी रही उधर खेतों में लाल,पीले,हरे ट्रैक्टर फसल बुवाई करते देखे गए और मौसम बड़ा खुशनुमा बन गया जिससे आमजन के चेहरे पर खुशी की लहर देखी जा रही है। शनिवार को जिला मुख्यालय पर दोपहर तक उमस और तेज गर्मी रही वही 3 बजे घनघौर काली घटाए छा गई और ठण्डी हवाए चलने लगी साय: 7 बजे बारिश का दौर शुरू हो गया।

भरतपुर में बढ़ रहे अपराधों से व्यापारी चिंचित

भरतपुर (निसं) । भरतपुर जिला व्यापार महासंघ की एक मीटिंग जिला महामंत्री नरेंद्र गोयल की अध्यक्षता में बुलाई गई, मीटिंग विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गई ।

ज़िला प्रवक्ता विपुल शर्मा ने बताया जिले में बढ़ रहे अपराधों से व्यापारी वर्ग त्रस्त हैं, आए दिन व्यापारियों के साथ लूटपाट, धोखाधडी, चोरी की घटनाएं हो रही हैं, व्यापारी पहली से ही मंदी की मार झेल रहा है, ऊपर से इस तरह की अपराधिक घटनाएं उसकी कमर तोड़ देती हैं, इस मीटिंग में उपस्थित सभी व्यापारियों ने गहरी चिन्ता जाहिर करते हुए एसपी भरतपुर को ज्ञापन देने का निर्णय लिया । दंगों के कारण जिन व्यापारीयों की कई कई दिन दुकानें बंद रहती हैं, दंगाइयों द्वारा आगजनी, इत्यादि घटनाओं के कारण जो नुकसान होता है, उसकी भरपाई सरकार द्वारा की जानी चाहिए, क्यों की इन दंगों में व्यापारियों का कोई हाथ नहीं होता है । मीटिंग में बांट एवं माप तौल विभाग के कर्मचारियों द्वारा पैसे ले लिऐ जाते हैं और रसीद नहीं दी जाती हैं की शिकायत पर ज़िला महामंत्री नरेंद्र गोयल द्वारा तुरन्त ही सम्बन्धित अधिकारियो से बात कर समस्या का निदान किया । भरतपुर ज़िला व्यापार महासंघ की वर्तमान कार्यकारणी का कार्यकाल जुलाई महा में पूर्ण हो रहा है, उसके पुनर्गठन की तैयारी के लिए एक कमेटी का गठन किया गया जिसका संयोजन भगवान दास बंसल को बनाया गया, बंसल ने सभी संगठनों के अध्यक्ष/मंत्री से अपील करते हुए कहा कि जून महा में सभी संघटन ज़िला व्यापार महासंघ मे अपनी मेम्बर शिप का रिनुअल करा ले । मीटिंग का संचालन अनिल लोहिया ने किया, मीटिंग में मोहनलाल मित्तल, जयप्रकाश बजाज, तेजवीर सिंह, गोपी सिंह के साथ साथ काफी संख्या में व्यापारी मौजूद थे।

शिक्षक संघ ने योग दिवस पर की छूट की मांग

करौली (निंसं.) राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के प्रदेश महामंत्री रामदयाल मीणा ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर उपस्थिति अनिवार्य को खत्म करने की मांग 21जून को योग दिवस पर अपने विद्यालय में उपस्थित होने का जो आदेश निकाला है उसका शिक्षक संघ सियाराम ने विरोध किया है और संगठन मांग करता है कि 21 जून को अपने नजदीक किसी अन्य संस्था में उपस्थित होने की अनुमति देने की मांग की है क्योंकि ग्रीष्मकालीन अवकाश 24 जून तक है। और कई सेवारत शिक्षक अपने घर गृह जिले में है और वह 1 दिन के लिए 21 जून को आएंगे और वापस जाएंगे क्योंकि विद्यालय 24 जून से खुलेगे, राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम)ऐसे आदेशों की निंदा करता है क्योंकि शिक्षकों के हित में यह आदेश नहीं है कई महिला शिक्षिका अपने होम जिले में है और अपने छोटे बच्चों को छोड़कर जाएगी।

नदबई में बरसात के पानी से खाद्यान्न खराब

नदबई (निसं) । जिले में हुई राहत की बारिश से जहां किसानों के चेहरे खिल उठे वहीं शहर वासियों ने गर्मी की तपिश से राहत की सांस ली परंतु नदबई कृषि उपज मंडी समिति परिसर में बारिश किसानों के लिए आर्थिक रूप से विनाशकारी साबित हुई।

किसानों द्वारा अपनी जिंसों को बेचान के लिए नदबई मंडी लाया गया खाद्यान्न बारिश के पानी के साथ बह गया। इस बाबत जब मंडी सचिव कैलाश मीणा से बात की तो उन्होंने बताया मेरे पास दो स्थानों का चार्ज है कहां-कहां पर कार्य करू। दरअसल नदबई कृषि उपज मंडी परिसर काफी बड़े क्षेत्रफल में फैला हुआ है। जिसमें सरकार की ओर से बड़े-बड़े टीन सेड लगाए हुए हैं। जिससे स्थानीय किसान अपनी फसल मंडी में बेचने आए तो टीन शेड के फड़ पर रखकर आराम से बेच सकें और बारिश इत्यादि से बचाव भी हो सके? परंतु विडंबना है कि उक्त टीन शेड में मंडी के व्यापारियों ने कब्जा कर अपने खाद्यान्न का स्टॉक जमा कर रखा है। जबकि व्यापारियों को चाहिए कि वह खरीदे गए खाद्यान्न स्टॉक को अपने गोदाम में रखें। परंतु मंडी सचिव कैलाश मीणा की मिली भगत से यह सब संभव हो पा रहा है। मानसून पूर्व जिला प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने गत दिनों पूरे शहर की व्यवस्था का जायजा लिया था। परंतु मंडी सचिव कलेक्टर से भी ऊपर हैं, क्योंकि उन्होंने मंडी परिसर के नालों की सफाई व्यवस्था की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। स्थानीय लोग कहते हैं कि सफाई व्यवस्था सहित अन्य ठेकों में इनकी मिलीभगत है। व्यापार संघ के अध्यक्ष शिवदयाल गोयल ने भी मंडी सचिव पर कृषि उपज मंडी की उपेक्षा के आरोप लगाए हैं। नदबई में हुई मानसून बारिश से कई किसानों के खाद्यान्न पानी के साथ बहने से काफी हानि हुई है।

जंगली घास हटाने के लिए श्रमदान किया

कुम्हेर (निसं) । कृषि महाविद्यालय कुम्हेर पर 18 जून को एन.एस.एस. एवं एन.एस.ओ. वालण्टियर्स ने एन.एस.ओ. प्रभारी डॉ देवेन्द्र कुमार मीना व एन.एस.एस. प्रभारी डॉ.रामनिवास शर्मा के नेतृत्व में कॉलेज परिसर एवं सडकों से गाजर घास (जंगली घास) उन्मूलन के लिए श्रमदान किया।

श्रमदान के बाद आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के डीन डॉ.उदयभान सिंह ने कहा कि सामाजिक कार्य परोपकारी तथा प्रजातांत्रिक आदर्शों से विकसित होते हैं। हमें प्रतिदिन के संकट एवं आपात स्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। एन.एस.एस. एवं

एन.एस.ओ. वालण्टियर्स तेल की तरह होते हैं जो समाज के इंजन को सुचारु रुप से चलाते हैं। हमें गरीब,असहाय एवं वृद्धजनों की सेवा में हमेषा तत्पर रहना चाहिए।

'3 लाख 71 हजार से अधिक नौनिहाल को पिलाई जाएगी पोलियो दवा '

भरतपुर (निसं) । 19 जून रविवार को पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की जाएगी। इस टीकाकरण महाअभियान में जिले में 03 लाख 71 हजार से अधिक नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसमें नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील शर्मा ने बताया कि उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम का समय प्रात: 9 से सायं 5 बजे तक रहेगा। पल्स पोलियो अभियान के पहले दिन 19 जून रविवार को जिले में स्थापित किये गये 2414 बूथों पर बच्चों को खुराक पिलाई जायेगी। इसके बाद अगले दो दिन ग्रामीण क्षेत्र मे और शहरी क्षेत्र में विभाग की ओर से गठित मोबाइल टीमें घर-घर जाकर खुराक से वचिंत नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलायेगी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमर सिंह सैनी ने बताया कि पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान को लेकर जिले में 2414 बूथ बनाए गए हैं। अभियान में 364 सुपरवाइजर, 167 जोनल अधिकारी, 48 मोबाइल टीम एवं 74 ट्रांजिट टीम अपनी सेवाएं देंगे। प्रत्येक सैक्टर पर आईएलआर, डीपफ्रीजर, कोल्ड बॉक्स, वैक्सिन कैरियर तथा आइस पैक्स आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करवा दी गई है। रविवार से आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु शनिवार को जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अमर सिंह ने जीएनएम प्रषिक्षण केन्द्र की प्रषिक्षणार्थीयो का आमुखीकरण किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को पोलियो की दवा दिलाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं किस प्रकार दवा पिलानी है, कितनी मात्रा में पिलानी है, किस प्रकार मार्किंग करनी है आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

दुकान से लाखों रुपए का माल चोरी

भरतपुर, (निसं)। कोतवाली क्षेत्र में नई मंडी के पास स्थित एक नल फिटिंग की दुकान में चोरी की वारदात हुई। बदमाशों ने पहले दुकान के सामने ही शराब पार्टी की और फिर दुकान से लाखों रुपए का माल व नकदी लेकर फरार हो गए। अब कोतवाली थाना पुलिस बदमाशों का सुराग लगाने में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार नई मंडी के पास वेदांता हॉस्पिटल के सामने एनके ट्रेडर्स की नल फिटिंग के सामान की दुकान संचालित है। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे दुकान मालिक अमित गुप्ता पुत्र नरेंद्र कुमार गुप्ता निवासी रणजीत नगर किसी काम से दुकान बंद कर घर गया था। शनिवार दोपहर करीब एक बजे जब अमित गुप्ता दुकान खोलने पहुंचा तो शटर दोनों ओर से उठी हुई थी। चोरी का पता चलते ही कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी गई। थाने से पहुंची पुलिस व दुकानदार ने शटर ऊपर कर अंदर जाकर देखा तो वहां एक एलईडी, पीतल की नल की टोंटी, सात मिक्चर प्लांट, पांच हजार रुपए नकद गायब मिले। यह सामान करीब एक लाख रुपए का बताया जा रहा है। इसके अलावा दुकान के बाहर शराब की बोतल व गिलास भी साइड में पड़े मिले हैं। संभावना जताई जा रही है कि चोरों ने चोरी करने से पहले शराब पार्टी की है। इसके बाद चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

'विधर्मी लोग इक्कठा होकर देश को बर्बाद करने में लगे हुये हैं'

भरतपुर (निसं) । मंथन परिवार द्वारा नए भारत की नई चुनौतिया के विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन यू आई टी ऑटोडोरियम में संस्था अध्यक्ष सत्येन्द्र गोयल एडवोकेट एवं संयोजक देवेन्द्र चामड की अध्यक्षता में किया गया। नए भारत की नई चुनौतिया विषय के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय चिंतक एवं प्रखर पत्रकार पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ थे ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रंजीता कोली, सांसद - भरतपुर, विशिष्ट अतिथि रोहित महाराज रहे। मंथन के अध्यक्ष - सत्येन्द्र गोयल, संरक्षक - डॉ. अशोक सिंह, बृजेश अग्रवाल एवं संयोजक देवेन्द्र चामड थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता के चित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्वल्लन कर किया गया। शुरूआत में आदर्श विद्या मंदिर की बालिकाओं ने वन्दे मातरम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ व सांसद रंजीता कोली का माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया

कार्यक्रम संयोजक दृ देवेन्द्र चामड ने नए भारत की नई चुनौतिया के विषय की जानकारी देते हुये बताया कि यह भरतपुर वासियों के लिये सौभाग्य की बात है, कार्यक्रम में स्वागत अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल ने देश में बढ़ रहे आतंकवाद पर चिंता व्यक्ति की अध्यक्ष सतेन्द्र गोयल ने मुख्य वक्ता पुष्पेन्द्र के जीवन परिचय के बारे में बताया कि अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से शिक्षा प्राप्त की। वह 10 साल प्रेस कौन्सिल आफ इडियन के इलेक्ट्रिड महासचिव रहे, सभा को सम्बोधित करते हुये मुख्य वक्ता पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ ने कहा कि किस प्रकार विधर्मी लोग इक्कठा होकर देश को बर्बाद करने में लगे हुये हैं । जिस प्रकार भगवान राम न शस्त्र और अस्त्र से जीवन में अनेक आताताईयों को परास्त किया । समय आ गया है हमें समय आने पर भगवान राम की जगह मर्यादा पुरुषोत्तम बनने का उदाहरण पेश करना हैं। कुछ दिनों पहले जिस प्रकार एक समाज द्वारा खुले आम जो तांडव हुआ, उसकी पुनरावृत्ति न हो इसके लिए हिन्दु समाज को जागरूक बनाना होगा सहनशीलता की जगह जबावदेही तय करनी होगी भगवान परशुराम का उदाहरण देते हुऐ कहा कि किस तरह उन्होने फरसे का प्रयोग विधर्मी लोगों का नाश किया है।

सड़क किनारे मिले युवक के शव की पहचान

हिण्डौन सिटी,(का.सं.)। शहर के बयाना रोड़ पर सड़क किनारे मिले शव की पहचान 48 साल के पीपलहेडा निवासी देवेंद्र चौधरी के रूप में हुई। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम करराया और शव परिजनों को सौंपा दिया । इधर मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है ।

गौरतलब है पुलिस ने शव को पहचान के लिए मोर्चरी में रखवाया था। जिसके बाद पहचान होने पर पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द किया गया। बेटे की ओर मामले में मृग दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। छुट्टी लेकर गांव आए थे देवेंद्र चौधरी कोतवाली थाने के उपनिरीक्षक कैलाश चंद ने बताया की पीपलखेड़ा निवासी हर्ष चौधरी ने शव की अपने पिता देवेंद्र उर्फ पिंटू चौधरी के रूप में पहचान की। रिपोर्ट में बताया कि उसके पिता देवेंद्र उर्फ पिंटू चौधरी पुत्र दिलीप सिंह मेडिकल विभाग जालौर में लिपिक के पद पर कार्यरत है। चार-पांच दिन पूर्व छुट्टी लेकर गांव आए थे। पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द शुक्रवार को कृष्णा कॉलोनी स्थित मकान की देखभाल करने हिंडौन आए थे।

अब कोई चुनाव जीतकर आएगा तो उसे पार्टी से हिलने नहीं देंगे: आकाश आनंद

करौली में बसपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में अतिथियों का माला पहनाकर पार्टी पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया।

करौली (निंसं.)। करौली जिला मुख्यालय पर बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय कोर्डिनेटर आकाश आनंद ने कहा कि अब तक लोग विधानसभा का चुनाव जीतकर दूसरी पार्टियों में चले जाते थे लेकिन अब कोई भी व्यक्ति जीतकर आएगा तो उसे पार्टी से हिलने नहीं दिया जाएगा ।

करौली कलेक्ट्रेट सर्किल स्थित जैन नसिया में बसपा का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ हालांकि जिले में धारा 144 लागू है उसके बावजूद जिला प्रशासन ने कार्यक्रम की अनुमति दे दी इस अवसर पर विशाल टेंट और सैकडों की संख्या में कुर्सियां लगाई गई। लेकिन भीड़ नहीं जुट पाई और कुर्सिया खाली पडी रही जिसके चलते आयोजकों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ देखने को मिली। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आए राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर सहित प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष भीड आने का सर्किट हाउस में बैठ कर इंतजार करते रहे दोपहर 2बजे बाद करीब 200 महिला पुरुषों की भीड के बीच वह सर्किट हाउस से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे जहां। बसपा जिला कार्यकारिणी और विधानसभा प्रभारियों ने उनका 21 किलो फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोली और संगठन सेक्टर स्तर के प्रत्येक कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन की गतिविधियो की जानकारी लेते हुए समस्याएं जानी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि हमें वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मान नहीं देते हैं और जो लोग पार्टी में सक्रिय रूप से कार्य करते हैं उन्हें पंचायत और विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं देकर अन्य लोगों को टिकट दे दिया जाता है जो चुनाव जीतकर दूसरी पार्टियों में शामिल हो जाते हैं। इसके अलावा कार्यकर्ताओं ने कई सारी समस्याएं गिनाई जिस पर राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि वर्ष 2023 के चुनाव का बिगुल बज चुका है सभी कार्यकर्ता मजबूती के साथ अपनी-अपनी विधानसभा में जुट जाएं और सेक्टर स्तर तक संगठन को मजबूत करें उन्होंने कहा कि पार्टी में कार्यकर्ताओं का पूरा सम्मान होगा सम्मान में कोई कमी नहीं आने नही दी जाएगी। पार्टी के जिला अध्यक्ष जमुना लाल जाटव,पूर्व अध्यक्ष शिव सिंह जाटव,दौलत जाटव,जिला प्रभारी सियाराम मीणा, हरिओम गोगरिया,संतोष ठेकेदार,मनोज सैनी,सुरेश,भगवान सिंह,महेंद्र सिंह, दयाराम जाटव,विशंभर दयाल बैरवा,सुरेश बैरवा, जयलाल,ज्ञान सिंह जादौन,रामजी लाल बैरवा, गंगा सहाय बैरवा, मदनलाल आदि पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का माला साफा पहनाकर बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा भेंट कर स्वागत सम्मान किया।